बांदकपुर मंदिर | कॉरिडोर में निर्मित गौशाला को बताया अव्यवस्थित

बहुत धीमी गति से हो रहा है कॉरिडोर का निर्माण

नवभारत,दमोह। श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में एक वर्ष से भी अधिक का समय कॉरिडोर निर्माण कार्य चलते हो गया है। लेकिन अब तक बहुत थोड़ा निर्माण ही संभव हो पाया है।आम जनमानस को न नक्शे की स्पष्ट जानकारी है। न निर्माण विस्तार संबंधी कोई जानकारी। केवल इतना पता है। की 100 करोड़ की राशि से पांच चरणों में कार्य होना प्रस्तावित है। एक साल से अधिक का समय बीत गया लेकिन पहले चरण का कार्य ही पूरा नहीं हो पाया है। बीते दिनों जिले भर से हिंदू समाज ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री एवं पर्यटन संस्कृति मंत्री के नाम एक ज्ञापन भी दिया था। जिसमें कार्य की गति गुणवत्ता मजबूती विस्तार सहित निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण को हटाने का विषय रखा है। इन सबके बीच बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट कमेटी भी सार्वजनिक रूप से ज्यादा कुछ कहने से बच रही है। जो विषय मंदिर ट्रस्ट कमेटी को सरकार के सामने उठाने चाहिए वह विषय आम श्रद्धालुजन भक्तजन उठा रहे हैं।मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों के क्या विचार हैं क्या नीति है। कॉरिडोर निर्माण की समय सीमा,कार्य की गुणवत्ता, निर्माण के नक्शे,विस्तार,अतिक्रमण हटाने आदि को लेकर आम श्रद्धालुजन को कुछ मालूम ही नहीं। सोमवार को राम गौतम ने बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक राम कृपाल पाठक एवं उप प्रबंधक केदार दुबे से मंदिर कार्यालय में जाकर भेंट की ।जिस पर प्रबंधक ने मंदिर ट्रस्ट कमेटी का पक्ष रखा। प्रबंधक ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण का कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा। यह बात तो उन्होंने स्वीकार्य की है कि पर्याप्त खाली जगह नहीं है। जहां मंदिर के सामने आसपास अतिक्रमण है तो पीछे मंदिर के अनेक भवन बने हैं ।जिनको हटाने एक साल से चर्चा चल रही लेकिन हटाए जाने वाले भवनों की जगह कोई भी विकल्पिक भवन कमेटी को नहीं मिले है। कमेटी संस्कृत विद्यालय, कार्यालय,भोजन शाला,आदि भवनों को अभी हटाने के पक्ष में नहीं है ।जिससे कार्य में देरी हो रही।

इनका कहना है

प्रबंधक ने माना कोरिडोर में जो गौशाला बनी है वो बहुत छोटी है ।लगभग 50 गौवंश के लिए है। जो अव्यवस्थित भी है ।पुरानी गौशाला 150,200 गौवंश की क्षमता की है। जिसको एक चौथाई कर दिया है ।राम गौतम ने मंदिर ट्रस्ट कमेटी प्रबंधक एवं मंदिर ट्रस्ट कमेटी से सार्वजनिक बात रखने के लिए आग्रह किया है। कोरिडोर निर्माण एवं अनेक विषयों पर अब हजारों लाखों भक्तों, श्रद्धालुओं, धर्म प्रेमियों की नजर है।

पठानी मोहल्ले के पास होली मैदान में लगा कचरे का ढेर

सफाई को लेकर लोगों में नाराजगी

नवभारत,दमोह। शहर के पठानी मोहल्ले के पास स्थित होली मैदान में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है,जिसके कारण यह मैदान आए दिन कचरे से भरा रहता है ।स्थानीय निवासियों ने बताया कि मैदान में इधर-उधर कचरा, प्लास्टिक और गंदगी पड़ी रहती है। इससे आसपास के घरों में दुर्गंध और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि भले ही प्रतिदिन सफाई संभव न हो, लेकिन कम से कम सप्ताह में एक बार इस मैदान की सफाई कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके ।नगरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन इस ओर ध्यान देकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे।

नवभारत की खबर का असर

दमोह | नवभारत

गरीब बेटी की पुकार | एक आंख बचपन से नहीं, दूसरी से भी कम दिखाई देता है

फिर भी नहीं बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

पूजा पाटई ने मुख्य मंत्री से की मांग

आज भी उम्मीद कायम

योजना का नहीं मिला लाभ

दिव्यांग महिला का प्रमाण पत्र जल्द बनाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने लिया संज्ञान

नवभारत,दमोह। नवभारत में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संघर्ष कर रही एक दिव्यांग महिला की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि, नवभारत के माध्यम से मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि एक दिव्यांग महिला कई वर्षों से अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगा रही है और उसे लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही यह मामला मेरे संज्ञान में आया, मैंने संबंधित सामाजिक न्याय विभाग के मुख्य लिपिक विकास श्रीवास्तव और अधिकारीयों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें और महिला का दिव्यांग प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनाया जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति को उसके अधिकारों से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

कलेक्टर के इस त्वरित संज्ञान से पीड़ित महिला और उसके परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। प्रशासन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है।

एक नजर में

महर्षि विद्या मंदिर के छात्र अक्षत पटेल ने नीट 2026 में परचम फहराया

नवभारत,दमोह. महर्षि विद्या मंदिर दमोह के छात्र अक्षत पटेल ने नीट 2026 परीक्षा में 578 नंबर लाकर अपने परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई ।अक्षत के पिता मेडिकल स्टोर संचालक हैं एवं माता महर्षि विद्या मंदिर की शिक्षिका हैं। अक्षत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया है। अक्षत ने बताया कि उसने अपने पिता का डॉक्टर बनने का सपना पूरा किया। प्राचार्य राजेश दीक्षित ने कहा कि अक्षत शुरू से ही स्कूल का होनहार छात्र रहा है एवं उससे स्कूल को इसी तरह की सफलता की उम्मीद थी। अक्षत ने स्कूल के छात्रों की नीट परीक्षा में शानदार सफलताओं की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। अक्षत को मध्य प्रदेश के श्रेष्ठ शासकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की पूरी उम्मीद है।

नोहटा थाने से 3 पुलिसकर्मियों को भावुक माहौल में दी गई फूलमाला से विदाई

नवभारत,दमोह। नोहटा थाने से तबादला होकर गए 3 पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई ।तबादले के आदेश के बाद प्रधान आरक्षक राम पटेल का हिंडोरिया, प्रधान आरक्षक रामनिवास का महिला थाना और आरक्षक कुलदीप सोनी का कुम्हारी थाना में स्थानांतरण हुआ है। इस अवसर पर नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल,एएसआई माधव राय,प्रधान आरक्षक प्र.आर प्रवीण,प्रदीप,दीपक,कामता,प्रदीप जोशी सहित अन्य पुलिस स्टाफ ने तीनों साथियों को फूलमाला पहनाकर और भावुक होकर विदाई दी ।विदाई समारोह के दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की और नई ड्यूटी के लिए शुभकामनाएं दीं। माहौल काफी भावुक रहा ।पुलिस स्टाफ ने कहा कि ड्यूटी के दौरान निभाई गई उनकी मेहनत और सहयोग हमेशा याद रखा जाएगा।

नवागत थाना प्रभारी रजपुरा शिवनारायण यादव बोले नशा सब कुछ खत्म कर देता है

नवभारत,हटा/दमोह। नवागत थाना प्रभारी रजपुरा शिवनारायण यादव ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की और और पूरे प्रदेश में चल रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत थाना क्षेत्र के लोगों को थाना परिसर में बुलाकर सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और लोगों ने नशे से दूर रहने की कसम खाई और लोगों को नशे से दूर रहने की बात कही .नशा ही नाश की जड़ है. नशा लोगों को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है इसलिए हम लोगों को नशा से दूर रहना चाहिए .इस दौरान थाना प्रभारी सहित समस्त थाना स्टाफ और थाना क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

उत्कृष्ट योगदान देने वाले सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का सम्मान

नवभारत, दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) द्वारा सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दमोह में जिले व आसपास के क्षेत्र के उन सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दमोह पुलिस के विभिन्न जनजागरूकता अभियानों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका निभाई है ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने सभी इंफ्लूएंसर्स को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया जनसंपर्क व जनजागरूकता का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। सकारात्मक उपयोग किया जाए, तो समाज तक जनहितकारी संदेशों को शीघ्रता एवं व्यापक रूप से पहुंचाया.

नगर में बरसते पानी में हुई पूज्य आर्यिका संघ की मंगल अगवानी

नवभारत,दमोह। नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी मे इस वर्ष आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका रत्न चिंतन मति माताजी का संघ सहित चातुर्मास होने जा रहा है। पवई से कुंडलपुर होते हुए पूज्य माताजी के पद विहार करते हुए दमोह नगर में भव्य मंगल प्रवेश पर सकल जैन समाज के द्वारा भव्य मंगल आगवानी की गई। दमोह नगर के धरमपुरा नाके पर सोमवार सुबह भक्ति मय उल्लास के साथ बरसते पानी में सकल जैन समाज के द्वारा पूज्य आर्यिका रत्न चिंतन मति माता जी की धूमधाम के साथ अगवानी करते हुए नगर प्रवेश

कराया गया। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा जुलूस के साथ माताजी की अगवानी हेतु बालिका महिला मंडलों के साथ युवा वर्ग में उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। बैंड बाजा ढोल नगाड़ों की धुन पर आचार्य श्री के चित्र से सुशोभित अश्व रथ सबसे आगे चल रहा था। इसके पीछे धर्म ध्वजा लिए युवा वर्ग तथा वरिष्ठ जन चल रहे थे। इसके पीछे महिला मंडल और बालिका मंडल माताजी के कदम से कदम मिलाकर अहिंसा परमो धर्म तथा आचार्य श्री के जयकारे लगाते हुए चल रहा था। विशाल धर्म शोभायात्रा धर्मपुरा नाके से विभिन्न स्थानों से होते हुये नन्हे मंदिर पहुंची।

22 को दिल्ली प्रस्थान करेंगे एड. वीरेंद्र दवे

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अधिवेशन में दवे तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली आमंत्रित किए गए हैं

नवभारत,दमोह. एड.वीरेंद्र दवे अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अधिवेशन में तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली आमंत्रित किए गए हैं वीरेंद्र दवे के द्वारा जानकारी दी गई है की अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर आयोजित अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विषयों को ध्यान मे रखते चर्चा हेतू भाग लेंगे आपको अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आमंत्रण पर अपने विषय पर चर्चा करने हेतु समय उपलब्ध कराया जाएगा इस आयोजन में उपस्थित हेतु एड.वीरेंद्र दवे जी गोंडवाना सुपरफास्ट ट्रेन से दिल्ली के लिए 22 जुलाई को प्रस्थान करेंगे वीरेंद्र दबे जी के शुभचिंतकों नें उन्हें इस आयोजन के लिए आमंत्रित किए जाने पर बधाइयां प्रेषित की हैं एवं भविष्य की राजनीति के लिए भी एक अच्छा अवसर मान रहे हैं।

सरस्वती कन्या विद्यालय सभागार में हिन्दी लेखिका संघ की पावस गोष्ठी संपन्न

नवभारत,दमोह। सरस्वती कन्या विद्यालय के सभागार में संगीता पान्डे के मुख्यातिथ्य,कुसुम खरे श्रुति व डॉ प्रेमलता नीलम के विशिष्टातिथ्य तथा पुष्पा चिले की अध्यक्षता में हिन्दी लेखिका संघ की पावस गोष्ठी संपन्न हुई। यह कार्यक्रम पद्मा तिवारी के सौजन्य से आयोजित किया गया। सरस्वती वंदना एवं कार्यक्रम का सफल संचालन पद्मा तिवारी ने किया। आभार मधुलता पाराशर ने व्यक्त किया। पावस की फुहारों से सराबोर काव्य रस धारा में सभी बहनें भीगतीं रहीं। पुष्पा चिले ने कहा हरी चुनरिया ओढ़कर, धरती

बांधे आस, बरसो बदरा बावरे, मिटे हृदय की प्यास। डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा आगये आषाढ़ के कजरारे बादल, झमा झम गिरता पानी तलातल। कुसुम खरे श्रुति मन बिजुरी सम दमक दामिनी, ठुमक ठुमक नयनों से यामनी। संगीता पान्डे गरजन बरसन लागे बदरवा, गुंइयां सैंया गये परदेशवा। पद्मा तिवारी हरी हरी सब डालियां हैं, पड गये हिंडोला सुन्दर। अर्चना राय पेड़ लगाना सरल है, पेड़ के साथ फोटो खिंचवाना और भी सरल है। संगीता पाराशर नीले नीले अम्बर पे काली घटा छाई है। करुणा खरे-पहली बारिश सोंधी गंध, मन खिल गया जैसे मकरंद। लता गुरू बारिश की बूंदें सावन में, उम्मीद भरे हर उपवन में। उमा नामदेव प्रकृति की गोद में नयी कोंपलें हरषाई, सुहानी पावस ऋतु आई। मधुलता पाराशर जब शहर गांव जलने लगे और झुलसने लगीं बस्तियां,तब धरा ने खिली धूप से बादलों को लिखीं पातियां।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण : पटेरा ने हासिल किया जिला स्तर पर प्रथम स्थान

नवभारत,दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तहसील पटेरा द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जून 2026 की क्षेत्रवार प्रदर्शन रैंकिंग में तहसील पटेरा ने 87.07 प्रतिशत स्कोर के साथ दमोह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।इस उपलब्धि के पीछे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन व समय-समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री मरकाम द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशों तथा एसडीएम हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में तहसील पटेरा द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायत कर्ताओं से समन्वय स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर शिकायतों को नियमानुसार बंद कराया गया।

इस कार्य में तहसीलदार पटेरा सुश्री मानसी अग्रवाल, तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार लुहारी द्वारका प्रसाद गुप्ता सहित राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निरंतर प्रभावी कार्यवाही की गई। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश, एसडीएम हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन तथा तहसील स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप तहसील पटेरा ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है ।यह उपलब्धि प्रशासन की जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता, त्वरित कार्यवाही व जवाबदेह प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

असाटी समाज महिला समिति ने मनाया पौधरोपण महाकुंभ

विद्यालय परिसर में 40 पौधे रोपे

नवभारत,दमोह। असाटी समाज महिला समिति दमोह के द्वारा रविवार को वर्षा ऋतु के आगमन पर वृक्षारोपण महाकुंभ का आयोजन शहर स्थित ई.एफ.ए. जे.पी.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रार्थना वंदन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डी.के. मिश्रा,शरद मिश्रा,

डॉ.आलोक सोनवलकर व एस.के. असाटी की विशेष उपस्थिति रही। दमोह महिला समिति द्वारा अतिथियों को सुंदर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में असाटी समाज के छोटे-छोटे बच्चे और बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सभी महिलाओं को एकजुट करने वाली श्रीमती शैलजा असाटी राष्ट्रीय महिला महामंत्री द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को सुंदर उपहार से कृतज्ञता किया.

ओवरलोड ऑटो व ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष अभियान,15 वाहनों पर 14,900 का प्रशमन शुल्क

नवभारत,दमोह। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस दमोह द्वारा ओवरलोड ऑटो व ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष अभियान, 15 वाहनों पर 14,900 का प्रशमन शुल्क पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) के निर्देशन में जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस दमोह द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया ।अभियान के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक दलवीर

सिंह मार्को के नेतृत्व में शहर के विभिन्न विद्यालयों के आसपास व प्रमुख मार्गों पर ऑटो, ई-रिक्शा व अन्य यात्री वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को ले जा रहे ऑटो व ई-रिक्शा के साथ-साथ सामान्य रूप से संचालित अन्य ऑटो व ई-रिक्शा भी निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलते पाए गए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है तथा यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित होती है यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते हुए कुल 15 वाहनों पर 14,900 का प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को भविष्य में वाहन की निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, यातायात नियमों का पालन करें.

पुलिस की सफलता | टीआई मनीष कुमार और पुलिस ने परिजनों को सौंपा

धर्मपुरा से लापता हुए 2 मासूमों को पुलिस टीम ने कुछ घंटों में किया बरामद

नवभारत, दमोह । सिटी कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुरा इलाके से रविवार सुबह करीब 11 बजे बिना बताए घर से निकले दो मासूम बच्चों के गुम होने से परिजन परेशान हो गए थे। पड़ोसियों को आपबीती बताने के बाद परिजनों ने रविवार रात सिटी कोतवाली पहुंचकर दोनों बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई ।रिपोर्ट दर्ज होते ही कोतवाली पुलिस एक्टिव हुई और बच्चों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और सीएसपी एच.आर. पांडे के मार्गदर्शन में टीआई कोतवाली मनीष कुमार, चौकी प्रभारी बजरिया राकेश पाठक, एएसआई साहब सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, राजेश,आरक्षक नरेंद्र पटेरिया, आकाश पाठक, ओमप्रकाश रैकवार व चालक सहयोगी आनंद पचौरी सहित पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तलाश अभियान चलाया ।पुलिस ने सीटीवी फुटेज, पुलिस कंट्रोल रूम,जीआरपी, आरपीएफ,आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी जुटाई। कड़ी मशक्कत के बाद कुछ ही घंटे के भीतर दोनों बच्चों को तलाश कर लिया गया ।पुलिस ने बच्चों से पूछताछ के बाद उन्हें कोतवाली बुलाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस दौरान पुलिस ने माता-पिता को समझाइश दी कि बच्चों को अकेला न छोड़ें और बिना बताए घर से बाहर न जाने दें ।पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया ।साथ ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने भी अपील की है कि अपने बच्चों को अकेले बिल्कुल ना छोड़े, उनके बारे में जानकारी समय-समय पर लेते रहे।

जबेरा में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत,जबेरा/दमोह। जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत सोमवार को मंगल भवन में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण परीक्षण व वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण कुमार फुलपगारे, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता मुलायम चंद्र जैन, नर्मदा प्रसाद राय, भाजपा जिला महामंत्री रानू नामदेव, जिला पंचायत सीईओ रामेश्वर पटेल तथा नायब तहसीलदार राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे ।शिविर में अंतर्गत कुल 258 पंजीयन प्राप्त हुए.

दमोह-तारादेही जा रही बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी

सभी यात्री सुरक्षित

नवभारत,दमोह। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभाना और दमोह के बीच शीशपुर पटी मार्ग के समीप सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया ।जानकारी के अनुसार दमोह से तारादेही जा रही शिव शक्ति बस क्रमांक एमपी 34 पी 0151 अचानक सामने से आ रही पिकअप के कारण अनियंत्रित हो गई। बस चालक ने बचाने के प्रयास में वाहन को मोड़ा तो बस सड़क के नीचे उतरकर गड्ढे में जा पहुंची। हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस के पहिए मिट्टी में धंस जाने के कारण बस वहीं फंस गई ।सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, प्रधान आरक्षक दीपक,आरक्षक देशराज और यातायात थाने से एएसआई हरिश्चंद्र दुबे सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से बस को सुरक्षित बाहर निकलवाया और बस में सवार सभी यात्रियों कोदूसरे वाहन से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।